# विकास की निरंतरता और जनसेवा का संकल्प, मंत्री निर्मला भूरिया ने क्षेत्र को दी करोड़ों की सौगातें

पेटलावद। मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने आज अपने विधानसभा के नगर परिषद पेटलावद क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगाते हुए करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और उनकी विधानसभा ही उनका परिवार है, यहां विकास कार्यो की कमी नही आने दूंगी।



### विकास कार्यों का महायज्ञ

कार्यक्रम के दौरान मंत्री सुश्री भूरिया ने लगभग 799.46 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

जिसमे पम्पावती नदी पर तेजाजी मंदिर से फूटा मंदिर तक सड़क निर्माण (लागत- 481.49 लाख), अमृत 2.0 योजना अंतर्गत मुक्तिधाम में बगीचा निर्माण (लागत- 14.54 लाख), वार्ड क्रमांक 8 में सामुदायिक भवन का निर्माण (लागत- 28.86 लाख), 275.43 लाख रुपये की लागत से बनने वाला अंग्रेजी माध्यम छात्रावास शामिल है।

जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा, मैं जितना भी विकास कार्य कर लूं, मुझे कम ही लगता है। मेरा निरंतर प्रयास है कि नए-नए नवाचारों के माध्यम से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आपके आशीर्वाद से ही मप्र शासन में मंत्री का जिम्मा निभा रही हु आपको विकास कार्य की तरफ कभी निराश नही होने दूंगी।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र को घना जंगल बनाने के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि केवल पौधे न लगाएं, बल्कि उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प भी लें। उन्होंने कहा कि वे अपनी विधानसभा को श्रेष्ठ विधानसभा बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### 8 करोड़ के कार्यो का किया लोकार्पण व भूमिपूजन-नगर परिषद पेटलावद क्षेत्र में हुआ आयोजन

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ललिता योगेश गामड़ ने स्वागत भाषण देते हुए विकास कार्यों के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला उपाध्यक्ष हेमन्त भट्ट ने मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया को सौगातों की जननी बताते हुए उनके अथक प्रयासों की सराहना की। संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कहार ने किया। आभार सीएमओ राहुल वर्मा ने माना।

इअवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़, उपाध्यक्ष किरण संजय कहार, जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष हेमंत भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कहार, वरिष्ठ नेता अनोखीलाल मेहता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद भंडारी, पुरुषोत्तम पाटीदार, राजेश पाटीदार, पूर्व पार्षद हीरालाल राठौड़, लाला चौधरी, प्रकाश मुलेवा, बाबूलाल काग, अनिल मुलेवा, योगेश गामड़, सोनू विश्वकर्मा, सुखराम मोरी, जगदीश जाटव, लोकेश भंडारी, संजय भंडारी, मुकेश परमार, अशोक मेहता, संजय चाणोदिया, संजय मालवी, राकेश मांडोत, श्यामू मेड़ा, हंसा राठौड़, ममता गुजराती, चांदनी निमजा, शिवा राठौड़, सुमन सोलंकी, मुकेश पडियार दिनेश पप्पू पडियार, आशीष बाविस्कर, कुणाल नागर, दीपक वास्कले, शुभम सेन विशेष रूप से मौजूद रहे।

# मुस्लिम समाज ने दिया शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश

### थांदला मुस्लिम पंच ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



मनोज उपाध्याय,, थांदला। नूरी गार्डन में रविवार, 12 जुलाई को मुस्लिम पंच की ओर से आयोजित कैरियर गाइडेंस एवं हौसला अफजाई कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, उनकी मेहनत का सम्मान करना और समाज में शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करना था।

कार्यक्रम में कक्षा 5वीं से 12वीं तक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा 6वीं, 7वीं, 9वीं एवं 11वीं की स्थानीय परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, उनके अभिभावक एवं समाजजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुस्लिम पंच के सदर हसमतुल्लाह खान ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। साथ ही उन्होंने उन बच्चों का भी उत्साहवर्धन किया जिन्हें इस वर्ष पुरस्कार नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, निरंतर मेहनत और लगन से अगले वर्ष वे भी सम्मान के हकदार बन सकते हैं।

समाजजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना, आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाते हैं। शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में मुस्लिम पंच का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक माना गया।

इस अवसर पर मुस्लिम पंच सदर हसमतुल्लाह खान, नायब सदर मेरज़मान पठान, हाजी अब्दुल सलाम खान, पार्षद प्रतिनिधि फरजमान पठान, हाजी मोहम्मद अकबर खान, सरफराज भारती, नियाज़-उल-हक, रियाज़-उल-हक, रिज़वान निज़ामी, जमील अहमद खान,रज्जाक खान, इमरान खान, जावेद खान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# गोपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर आसीन, बलजीत सिंह भाटिया बने प्रदेश संगठन मंत्री



भगवानपुरा। सिक्ख सिकलीगर समाज संगठन ने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया हैं। जिसमें भगवानपुरा के सतीपुरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गोपालसिंह भौंड को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं बलजीतसिंह भाटिया को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया। और धुलकोट के करोड़ासिंह भौंड को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया हैं। इनके मनोनयन पर भगवानपुरा और धुलकोट के समस्त सिकलीगर समाज में हर्ष का माहौल व्याप्त हैं। इनकी नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जसपालसिंह प्रेमसिंह पटवा ने की हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर गोपालसिंह भौंड ने कहा, संगठन ने जो जिम्मेदारी दी हैं,उसका पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा साथ ही समाज उत्थान और युवाओं को शिक्षित बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर दायित्व मिलने पर सिकलीगर समाज के होशियारसिंह, ज्ञानी प्रीतमसिंह,जानी गोविंदसिंह,जालमसिंह,किशोरसिंह खालसा,बलदेवसिंह, राजूसिंह,आदि ने खुशी मनाकर शीर्ष नेतृत्व का आभार माना हैं।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ में 'ज्वाइन एनएसएस' और अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

### छात्राओं को समाज सेवा का मिला मंत्र

झाबुआ। शासकीय कन्या महाविद्यालय, झाबुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं के लिए %ज्वाइन एनएसएस एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक सेवा, व्यक्तित्व विकास और स्वयंसेवा के महत्व से परिचित कराना था।




### सेवा और अनुशासन का पाठ

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने की, जबकि पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सीमा त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

### स्वयं से पहले आप% का संकल्प

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रीति एस.त्रिपाठी ने छात्राओं को विस्तार से समझाया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य÷स्वयं से पहले आप÷क्यों है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एनएसएस के माध्यम से छात्राएं वर्षभर शैक्षणिक, सामाजिक और व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों में भाग लेकर खुद को एक बेहतर नागरिक के रूप में विकसित कर सकती हैं।

### नेतृत्व क्षमता और प्रमाण पत्रों के लाभ

मुख्य अतिथि सीमा त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का सबसे सशक्त मंच है। इस दौरान डॉ.मुकेश अजनार ने छात्राओं को एनएसएस के ए, बी और सी प्रमाण पत्रों के महत्व और उच्च शिक्षा एवं करियर में इनके मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी।

### समाज सेवा ही शिक्षा का ध्येयः- प्राचार्य

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.अंजना सोलंकी ने कहा कि ÷समाज सेवा से शिक्षा और शिक्षा से समाज सेवा÷ का संदेश ही एनएसएस की वास्तविक पहचान है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ एनएसएस से जुड़कर समाज हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति एस.त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रो. विजय कुमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.वंदना मंडलोई, डॉ.मुकेश अजनार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

### एल.पी.जी सुरक्षा के लिए झाबुआ प्रशासन की बड़ी पहल

# गैस वितरण वाहनों में गूंजेगा जागरूकता गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर

झाबुआ उपभोक्ताओं को एल.पी.जी. गैस के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने एक अनोखी पहल शुरू की है। कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला झाबुआ द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, अब जिले के सभी गैस वितरण वाहनों में एक विशेष जागरूकता गीत का प्रसारण किया जाएगा।

**वाहनों में बजेगा विशेष जागरूकता गीत**-जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी पत्र के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं निजी पेट्रोलियम कंपनियों (एल.पी.जी) के सेल्स ऑफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि वे गैस वितरण करने वाले वाहनों में ÷भाई आया रे गैस सिलेंडर÷ नामक जागरूकता गीत का अनिवार्य रूप से प्रसारण करें।

**क्या है इस गीत की खासियत ?**-यह विशेष गीत ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया है। इस गीत के माध्यम से उपभोक्ताओं को एल.पी.जी. सिलेंडर लेते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में संगीतमय तरीके से शिक्षित किया जाएगा। गीत में मुख्य रूप से निम्नलिखित जानकारियां शामिल हैंसुरक्षित उपयोगः एल.पी.जी. गैस को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने के तरीके। महत्वपूर्ण जांचः सिलेंडर प्राप्त करते समय उसकी सील और वजन की जांच करने की सलाह। सुरक्षा मानकः दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन।

**आगामी कार्रवाई के निर्देश**-प्रशासन सभी (एल.पी.जी) पेट्रोलियम कंपनियों को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने और की गई कार्रवाई से जिला कार्यालय को अवगत कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस पत्र की प्रतिलिपि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के आयुक्त, भोपाल और ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन, दिल्ली को भेजी। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस संगीतमय जागरूकता

# भाईराम भगत परिवार के दुःख में शामिल हुईं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ



बलवाड़ा। बलवाड़ा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाईराम भगत के पौत्र के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर मध्य प्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# कसरावद में चार माह से अटकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 2 हजार से अधिक हितग्राही परेशान

इंदौर समाचार/ सेवकराम चौबे कसरावद नगर परिषद क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। पिछले चार माह से वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन का भुगतान नहीं होने से 2 हजार से अधिक हितग्राही परेशान हैं। पेंशन के अभाव में कई जरूरतमंदों के सामने दवा, राशन और दैनिक खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। नगर परिषद कसरावद की अप्रैल 2026 की पेंशन सूची के अनुसार क्षेत्र में कुल 2,084 हितग्राही पंजीकृत हैं। इनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के 811, विधवा पेंशन के 515, निशक्त पेंशन के 88 सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। सभी हितग्राहियों को प्रति माह 600 रुपये की दर से कुल 12 लाख 50 हजार 400 रुपये की राशि वितरित की जानी है। सूची में दर्ज हस्तलिखित टिप्पणी के अनुसार 1,414 हितग्राहियों की पेंशन मार्च 2026 से लंबित है। इससे स्पष्ट है कि बड़ी संख्या में वृद्ध, विधवा और दिव्यांग हितग्राहियों को पिछले चार माह से पेंशन की एक भी किस्त प्राप्त नहीं हुई है।




**दवा और राशन के लिए हो रही परेशानी**-हितग्राहियों का कहना है कि वे पेंशन की राशि से ही दवा, राशन और अन्य आवश्यक घरेलू खर्च पूरे करते हैं। कई बार नगर परिषद कार्यालय और बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। विशेष रूप से बुजुर्ग और दिव्यांग हितग्राहियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**बकाया राशि शीघ्र जारी करने की मांग**-हितग्राहियों ने जिला प्रशासन एवं नगर परिषद से मांग की है कि चार माह से लंबित पेंशन राशि तत्काल उनके बैंक खातों में जमा कराई जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान जल्द से जल्द कराया जाना चाहिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यक सुविधाओं के लिए समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। हितग्राहियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पेंशन जारी नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# सारंगपुर में राज्यरमंत्री श्री टेटवाल ने किया नगर भ्रमण,व्यवस्थाओं का लिया जायजा

राजगढ/सारंगपुर। प्रदेश सरकार के राज्यलमंत्री (स्वऔतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री गौतम टेटवाल ने गतदिवस को सारंगपुर नगर का भ्रमण कर विभिन्न सार्वजनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर की साफ-सफाई, यातायात, पेयजल, नागरिक सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री (स्वमतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने नगर की स्वच्छता, विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं जनसुविधाओं के बेहतर संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।साथ ही उन्हों ने अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने के निर्देश दिए।

# मुस्लिम समाज ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### शिक्षा को बताया सफलता की मजबूत नींव

झाबुआ। नगर के नूरी गार्डन में रविवार 12 जुलाई को मुस्लिम समाज द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रोत्साहित करना था।



समारोह में जरीन इमरान खान सहित दर्जनों मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक और अन्य कक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

### शिक्षा ही सफलता का आधारः-हसमतुल्लाह खान

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुस्लिम पंच के सदर हसमतुल्लाह खान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है।

आज सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

उन्होंने उपस्थित अन्य बच्चों से भी कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया ताकि वे भी भविष्य में इसी तरह सफलता प्राप्त कर सकें।

### समाजजनों ने की पहल की सराहना

उपस्थित समाजजनों ने मुस्लिम पंच की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।

अभिभावकों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना जागृत होती है, उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि में वृद्धि होती है।

समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देने वाला यह प्रयास पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय और प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है।

### समारोह में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर नायब सदर मेरज़मान पठान, हाजी अब्दुल सलाम खान, पार्षद प्रतिनिधि फरजमान पठान, हाजी मोहम्मद अकबर खान, सरफराज भारती, नियाज़-उल-हक, रियाज़-उल-हक, रिज़वान निज़ामी, जमील अहमद खान, रज्जाक खान, इमरान खान और जावेद खान सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद रहे।